आईटीआई लिमिटेड ने 29 सितंबर, 2018 को 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान का आयोजन किया

आईटीआई लिमिटेड, निगमित कार्यालय ने सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई) के मार्गदर्शन अनुसार महात्मा गांधी के 150वीं जन्म दिवस के अवसर पर 29 सितंबर, 2018 को 'स्वच्छता ही सेवा' गतिविधि का आयोजन किया। इसका मुख्य उद्देश्य, आईटीआई टाऊनशिप में रहनेवाले कर्मचारियों के बीच स्वच्छता के बारे में जागरूकता पैदा करना और स्वच्छता का संदेश फैलाना था। इस अवसर पर, श्री अलगेसन, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने कहा कि, ''हमारे घर और आसपास को साफ रखना हमारा कर्तव्य और जीने का एक तरीका है। स्वस्थ जीवन के लिए अपने पर्यावरण को साफ रखना ही सफाई का महत्व है । स्वच्छता को प्रतिदिन अभ्यास करने की जरूरत है और हमें इस जन आंदोलन के लिए राजदूत होना चाहिए और स्वच्छ भारत अभियान में योगदान देना चाहिए और 'भारत को स्वच्छ और ग्रीन' बनाना चाहिए ।"

स्वच्छता को सुनिश्चित करने के क्रम में, श्री आर एम अग्रवाल, निदेशक (विपणन और मानव संसाधन) ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि, "स्वच्छ पर्यावरण में योगदान देने के लिए हमें अपने घर और आसपास के क्षेत्र को साफ रखने की जरूरत है"। उन्होंने कार्यस्थल, आस-पास के क्षेत्रों, पार्कों पर नियमित आधार पर स्वच्छता के महत्व पर जोर दिया जो हमारे स्वास्थ्य को अच्छे बनाए रखने के लिए लाभकारी सिद्ध होगा । उन्होंने आईटीआई टाउनशिप के निवासियों से, कॉलोनी परिसर को स्वच्छ रखने और 'राष्ट्र पिता' महात्मा गांधी के सपने को पूरा करने में योगदान देने के लिए आग्रह किया । श्री के अलगेसन और श्री आर एम अग्रवाल ने आईटीआई टाउनशिप, “बी” क्षेत्र में सफाई अभियान का नेतृत्व किया और स्वच्छता के संदेश को फैलाया । सफाई अभियान में सभी वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया । वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों ने आईटीआई टाउनशिप के निवासियों के बीच द्वार-द्वार अभियान किया और स्वच्छता का संदेश फैलाया ।

ITI LIMITED